जैविक खेती पोर्टल जोड़े किसानों, ख़रीदारों को एक मंच पर

जैविक पोर्टल (प्रवेशद्वार) विश्व स्तर पर जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एम एस टी सी के साथ कृषि विभाग, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार की एक अनूठी पहल है। यह किसानों को अपनी जैविक उपज बेचने और जैविक खेती एवं इसके लाभों को बढ़ावा देने के लिए एकमुश्त समाधान है।

जैविक खेती पोर्टल एक ई-कॉमर्स पोर्टल के साथ-साथ ज्ञान मंच भी है। पोर्टल के नॉलेज रिपॉजिटरी सेक्शन (ज्ञान भंडार अनुभाग) में जैविक खेती को सुविधाजनक बनाने और बढ़ावा देने के लिए केस स्टडी (विषय-अध्ययन), वीडियो, और सर्वश्रेष्ठ खेती के तरीके, सफलता की कहानियां और जैविक खेती से संबंधित अन्य सामग्री शामिल हैं। पोर्टल का ई-नीलामी भाग अनाज, दालों, फलों और सब्जियों को समेकित कर जैविक उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला प्रस्तुत करता है।

ख़रीदार अब बहुत कम कीमतों पर पोर्टल के माध्यम से अपने दरवाज़े पर जैविक उत्पादों का पा सकते हैं। किसान अपने जैविक उत्पादों को बाज़ार की तुलना में बहुत कम कीमतों पर अपने खेतों से बिक्री के साथ-साथ ख़रीदारों के द्वार पर भी उपलब्ध कराते हैं।

यह पोर्टल जैविक खेती के सर्वांगीण विकास और संवर्धन के लिए क्षेत्रीय परिषदों, स्थानीय समूहों, व्यक्तिगत किसानों, ख़रीदारों, सरकारी एजेंसियों और इनपुट (लागत सामग्री) प्रदान करने वाले जैसे विभिन्न हितधारकों को जोड़ता है।

पोर्टल विभिन्न मूल्य खोज तंत्र प्रदान करता है जिससे किसानों को उनके उत्पादों के लिए फॉरवर्ड (आगे की) नीलामी, मूल्य-मात्रा बोली, बुक बिल्डिंग और रिवर्स नीलामी तंत्र के माध्यम से सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलती है।

जैविक खेती पोर्टल की सुविधाएं

विक्रेता पंजीकरण

व्यक्तिगत किसान पोर्टल पर खुद को पंजीकृत कर सकते हैं। पंजीकरण के बाद, किसान उत्पाद विवरण, वितरण का तरीका और भुगतान जानकारी भरकर ई-बाज़ार में अपना उत्पाद अपलोड कर सकते हैं।

ख़रीदार पंजीकरण

एक संभावित ख़रीदार बिना लॉगिन के उत्पादों का चयन कर सकते हैं, हालांकि जब वे उत्पाद ख़रीदने के लिए तैयार होते हैं, तो उन्हें पोर्टल में पंजीकरण या लॉगिन करना होगा।

स्थानीय समूह पंजीकरण

किसान समूह को भी पंजीकृत किया जा सकता है। समूह का नेता समूह पंजीकरण संख्या का उपयोग करके पोर्टल में पंजीकरण कर सकता है। पंजीकरण के बाद, नेता समूह में स्वयं या अन्य किसानों की ओर से उत्पाद अपलोड कर सकते हैं।

इनपुट आपूर्तिकर्ता पंजीकरण

किसानों को खेतीबाड़ी सामग्री प्रदान करने वाले भी इस पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं।

बिडिंग (नीलामी)

ई-बाजार से नियमित ख़रीद के अलावा, ख़रीदार विक्रेताओं द्वारा उपलब्ध कराए गए उत्पादों पर बोली लगाकर भी उत्पाद ख़रीद सकते हैं। पोर्टल तीन तरीकों से बोली प्रक्रिया की सुविधा प्रदान करता है: बुक बिल्डिंग, मूल्य-मात्रा और रिवर्स नीलामी।

ख़रीदार गाइड

ख़रीदारी के परिणामों को चुनते समय पोर्टल पर कई प्रकार के कारक हैं, जैसे वस्तु से संबंधित जानकारी (श्रेणी, मूल्य, वितरण का तरीका, राज्य, ज़िला और प्रमाण पत्र) के साथ उपलब्धता, लागत तथा वस्तु के फ़ायदे।